**कार्यालय मुख्य अभियन्ता**
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

पत्रांक : 10 /ई–निविदा/मु0अ0/2024–25

दिनांक : 15/6/2024

## अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ विकास प्राधिकरण में पंजीकृत/अनुबन्धित फर्मों से दिनांक 18.06.2024 से 25.06.2024 तक **"अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में अवैध निर्माण/अतिक्रमण ध्वस्त किये जाने के फलस्वरूप एकत्र मलवे/विध्वंस अपशिष्ट हटाये जाने के कार्य"** हेतु टू–बिड पद्धति के आधार पर ई–निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर आमंत्रित की जाती है। पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से **https://lda.procure247.com** पर रजिस्ट्रेशन/लागिन करके जमा किया जायेगा। ई–निविदा दिनांक 25.06.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ई–निविदा पोर्टल पर ई–निविदा प्राप्त की जायेगी, जिन्हें दिनांक 26.06.2024 को 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण में निहित होगा। समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | ठेकेदार की श्रेणी/ बिड् पद्धति | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | ई–निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | ई–निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र अपलोड करने एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि ऑन लाइन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | टू–बिड् निविदाओं की तकनीकी बिड् एवं सिंगल बिड् निविदाओं की वित्तीय बिड् खोलने की तिथि एवं समय | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में अवैध निर्माण/अतिक्रमण ध्वस्त किये जाने के फलस्वरूप एकत्र मलवे/विध्वंस अपशिष्ट हटाये जाने का कार्य। | 40.00 | टू–बिड अनुभवी फर्म | 10000.00 +18% GST | 400000.00 | 18.06.2024 | 25.06.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक | 26.06.2024 मध्यान्ह 12:00 बजे | 01 माह |

**नियम व शर्ते :–**

1. **निविदा में प्रतिभाग हेतु फर्म के पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**
2. **निविदादाता द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग–12 के शासनादेश सं0–622/23–12–2012–2आडिट/08 टी0सी0–2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार बी0ओ0क्यू0 दरों से 10 प्रतिशत से अधिक उच्च दर दिये जाने पर निर्धारित सिक्योरिटीं/परफॉरमेन्स गारन्टी की धनराशि निविदा खुलने के 07 दिन के अन्दर ऑनलाइन जमा करानी होगी। निर्धारितपरफार्मेन्स गारण्टी जमा न करने की दशा में धरोहर राशि प्राधिकरण द्वारा जब्त कर ली जायेगी एवं अग्रिम निविदाओं में प्रतिभाग लिये जाने से रोका जा सकता है।**
3. **निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि की धनराशि HDFC Bank की वेबसाइट https://lda.procure247.com माध्यम से आनलाइन जमा करनी होगी।**

4. कार्य समय से पूर्ण न होने पर अर्थदण्ड लगाया जायेगा एवं जमानत राशि जब्त कर फर्म को काली सूची में डाल दिया जायेगा, जिसका समस्त दायित्व ठेकेदार का होगा।
5. निविदा की दरों में जी0एस0टी0 अथवा कोई कर सम्मिलित नहीं है। जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।
6. निविदा प्रपत्र उ0प्र0 इलेक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर देखे जा सकते हैं तथा इसी वेबसाईट से डाउनलोड/अपलोड भी किये जा सकेंगे। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से उक्त वेबसाईट एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण की वेबसाइट http://www.ldaonline.co.in को देखते रहें क्योंकि प्रश्नगत निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा सूचना उक्त दोनों वेबसाईट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी। तकनीकी बिड् में अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिड् खोलने की तिथि एवं समय की सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दी जायेगी। सक्षम सेवा प्रदाता से उपलब्ध कराये गये डिजिटल सिग्नेचर धारक प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ही ऑनलाइन निविदा डाली जा सकती है।
7. कार्य की मात्रा में कमी/बढ़ोत्तरी अथवा विभाजित करने अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण में निहित है, जिसके विरूद्ध निविदादाता का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
8. **निविदादाता को आयकर विभाग, श्रम विभाग एवं जी0एस0टी0 में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। शासन द्वारा समय–समय पर लागू आयकर, लेबर सेस एवं अन्य करों की कटौती ठेकेदार से नियमानुसार की जायेगी।**
9. स्टेट बार कौंसिल में पंजीकृत व्यक्ति एवं आपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है। साथ ही यदि निविदादाता का सगा सम्बन्धी (First blood relation & their dependant) लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत है तो उसे भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।
10. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों के गलत पाये जाने पर कार्य/अनुबन्ध की स्वीकृति को तत्काल निरस्त करते हुए ठेकेदार द्वारा जमा धरोहर/जमानत धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा ठेकेदार को कालीसूची में डाल दिया जायेगा।
11. लखनऊ विकास प्राधिकरण या अन्य किसी भी विकास प्राधिकरणों/आवास एवं विकास परिषद में पंजीकृत/अनुबन्धित फर्मस् निविदा में प्रतिभाग कर सकती हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण में पंजीकृत/अनुबन्धित निविदादाताओं के अतिरिक्त अन्य निविदादाताओं को सम्बन्धित विभाग का पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। सफल निविदादाताओं को अनुबंध के समय लखनऊ विकास प्राधिकरण में नियमानुसार अपनी फर्म का पंजीकरण कराना होगा।
12. निविदा खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
13. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
14. निविदा आमन्त्रण सूचना के नियम व शर्तों तथा निविदा प्रपत्रों में उल्लिखित नियम व शर्तों में यदि कोई भिन्नता होती है तो निविदा आमन्त्रण–सूचना की नियम व शर्तें ही मान्य होंगी।
15. **तकनीकी बिड में संलग्न किये जाने वाले वांछित प्रपत्रों की नम्बरिंग करते हुए, उनकी विषय सूची (किस पृष्ठ पर कौन सा प्रपत्र संलग्न है) संलग्न करनी आवश्यक होगी। साथ ही वांछित प्रपत्रों का स्वप्रमाणित भी होना आवश्यक होगा।**
16. **निविदा डालने से पूर्व वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा सम्बन्धी नवीन नियम/शर्तों को भली–भांति देख लें तथा उक्त के अनुसार ही निविदा में प्रतिभाग करें, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा व निविदा अमान्य मानी जाएगी। पुरानी एवं नवीन शर्तों में किसी विरोधाभास की स्थिति में नवीन शर्तें मान्य होंगी।**

**(अजय कुमार सिंह)**
**मुख्य अभियन्ता**

**प्रतिलिपिः**
1. उपाध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ताओं को इस निर्देश के साथ कि संबंधित कार्यो के निविदा प्रपत्र समय से प्राधिकरण की वेबसाइट http://www.ldaonline.co.in तथा etender Portal पर लोड कराना सुनिश्चित करें तथा निविदा खोलते समय अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।
5. सुरक्षा अधिकारी, ल0वि0प्रा0 को इस आशय से प्रेषित कि सामान्य निविदाओं की तिथियों में कार्यालय में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था कराने का कष्ट करें।
6. पी.ए.(टी.) को इस आशय से प्रेषित कि वे लखनऊ विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर ई–निविदा सूचना अपलोड करायें।

15/6/24
**मुख्य अभियन्ता**